# बिहार विधान-सभा वाद्वृत्त

( भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

बृहस्पतिवार, तिथि 23 जून, 1983।

## विषय-सूची

पृष्ठ


प्रश्नों के लिखित उत्तर :—

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :—

अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या :— 11, 12 ... 1—8

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या :—355, 356, 358, 359, 360, 361, 362, 363, 364, 365, 436। 9—25

परिशिष्ट 1 एवं 2 (प्रश्नों के लिखित उत्तर ) :— ... 26—147

दैनिक निबंध ... 148—149


टिप्पणी :—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधन नहीं किया है।

दूकानदार के विरुद्ध कारंवाई ।

खा-13. श्री रामनाथ यादव—क्या मंत्री, खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत घोसी अंचल के लखावर ग्राम पंचायत के दरियापुर में श्री सतीश कुमार के नाम से जन-वितरण प्रणाली के दूकान से ग्राम रामगंज तथा केरपा के उपभोक्ताओं को आजतक कोई सामान की आपूर्ति नहीं की गई है, यदि हां, तो क्यों तथा क्या सरकार उक्त दूकानदार के विरुद्ध उचित कारंवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग—उत्तर अस्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि गया जिलान्तर्गत घोसी अंचल के लखावर ग्राम पंचायत के दूकानदार, श्री सतीश कुमार की उचित मूल्य की दूकान से रामगंज एवं केरपा ग्राम सम्बद्ध हैं तथा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाती है ।

अतः उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में दूकानदार के विरुद्ध किसी प्रकार की कारंवाई करने का प्रश्न नहीं उठता है ।

---

पानी टंकी का निर्माण ।

क-34. श्री राधाकान्त यादव—क्या मंत्री, लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के मुख्यालय में पेयजल की आपूर्ति हेतु पानी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हां, तो सरकार उक्त टंकी का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग—दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी ग्रामीण जलापूर्ति योजना में जल मीनार का प्रावधान नहीं है । सीधे पम्प कर नालों द्वारा जलापूर्ति करनी है । अतः पानी टंकी निर्माण करने का प्रश्न ही नहीं उठता है ।

---

श्री मिश्र पर कारंवाई ।

य-38. श्री राधाकान्त यादव—क्या मंत्री, विद्युत् विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत रुपौली प्रखंड होकर मीरगंज-बहादुर ग्राम तक की ओर विद्युत् लाईन गई है;